Dainik Bhaskar (Indore), 22nd August 2022, Page-02

**Battle of Pitches** | आईआईएम में आई फाइव समिट का समापन, गेट फंडेड में आए यूनीक स्टार्टअप

# आंत्रप्रेन्योर्स ने पिच किए आइडिया, मेडिकल एस्पिरेंट्स के लिए AI सॉफ्टवेयर से लेकर कलाकारों के लिए मार्केटप्लेस भी लाए

सिटी रिपोर्टर. इंदौर



आंत्रप्रेन्योर्स के लिए आईआईएम और आईआईटी की ओर से हर साल कराए जाने वाले समिट आई फाइव का शनिवार को समापन हुआ। तीसर दिन का मुख्य इवेंट था गेट फंडेड जिसमें स्टार्टअप्स ने अपने आइडियाज़ प्रेज़ेंट किए। इनमें से एक है कलाकार्ट जो आर्टिस्ट्स के लिए शेयर्ड मार्केट प्लेस है। इंकस इंक नाम का स्टार्टअप भी पसंद किया गया जो मेडिकल एस्पिरेंट्स के लिए आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस बेस्ड सॉल्यूशन है। गेट फंडेड पिचिंग इवेंट था जो फॉर्मल प्रोटोकॉल्स के साथ हुआ। अनौपचारिक बातचीत और नेटवर्किंग के लिए चाय पे चर्चा शीर्षक से इवेंट कराया गया। आइडियाज़ टू स्टार्टअप विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ।

## नई सोच से पहुंचा यहां तक

तीसरे और आखिरी दिन के वक्ता रहे पॉलिसीबाज़ार के को-फाउंडर आलोक बंसल। उन्होंने पॉलिसीबाज़ार की शुरुआत से अब तक की अपनी यात्रा संक्षिप्त में सुनाई और बताया कि इस पूरी यात्रा में वे सभी चुनौतियों का सामना कर पाए नई सोच के ज़रिए। आई फाइव को-ऑर्डिनेटर्स आदित्य चौधरी और दीपिका सोनी ने इस तीन दिनी समिट को सफल बनाने के लिए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।